Whereas an Income-tax Circle/Ward or District or part thereof stands transferred by this Notification from one Range to another Range, appeals arising out of assessments made in that Circle, Ward or District or part thereof and before the Appellate Assistant Commissioner of the Range from whom that Income-tax Circle, Ward or District or part thereof is transferred shall from the date this notification takes effect, be transferred to and dealt with by the Appellate Assistant Commissioner of the Range to whom the said Circle, Ward or District or part thereof is transferred.

This notification shall take effect from 1-7-1985.

[No. 6302/F. No. 261/8/85-ITJ)]

A.K. GARG, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 1985

आदेश

का०आ० 4392—केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि खेल का सामान, निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होने चाहिये;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाये है और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उपनियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है ।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उपनियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को ऐसे व्यक्तियों की जानकारी के लिये प्रकाशित करती है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है ।

सूचना दी जाती है कि यदि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई व्यक्ति कोई आक्षेप या सुझाव भेजना चाहता है तो वह उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पंतालीस दिन के भीतर भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद् (वाणिज्य मंत्रालय) 11वीं मंजिल, प्रगति टावर, 26 राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली 110008 को भेज सकता है ।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना है कि खेल का सामान निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होगा;

(2) इस आदेश के उपाबंध-1 में दिए गए खेल के सामान के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1984 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना है जो निर्यात से पूर्व ऐसे खेल के सामान पर लागू होगा;

(3) निम्नलिखित को मान्यता देना—

(क) संबंधित भारतीय मानक अथवा अन्य किसी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानक ।

(ख) निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानक;

(ग) इस आदेश के उपाबन्ध-II में दिये हुए न्यूनतम विनिर्देशों को पूरा करने हुए उत्पाद के अधीन संविदात्मक विनिर्देश;

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में, ऐसे खेल के सामान के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित या केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अभिकरणों में से किसी एक के द्वारा जारी किया गया इस आशय का निरीक्षण प्रमाणपत्र न हो कि खेल का सामान मानक विनिर्देशों के अनुरूप है तथा निर्यात योग्य है।

2. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को भू मार्ग, जल मार्ग या वायु मार्ग द्वारा खेल के सामान के वास्तविक नमूनों के निर्यात पर लागू नहीं होगी परन्तु यह तब तक जब कि ऐसे नमूनों का कोल पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के पांच हजार रुपये से अधिक न हो।

3. इस आदेश में खेल के सामान से नीचे दी गई कोई भी वस्तु अभिप्रेत है :—

1. गेंद

(क) फुटबाल

(ख) बालीबाल

(ग) बास्केटबॉल

(घ) नेटबाल

2. क्रिकेट और हाकी बाल

3. क्रिकेट बैट्स

4. हाकी छड़ें

5. रैकेट्स

(क) बैडमिंटन

(ख) टेनिस

(ग) स्क्वाश

6. सुरक्षात्मक उपकरण

(क) बैटिंग करने के लिये दस्ताने

(ख) बैट्स मैन तथा विकेटकीपर की टांगो के लिय कवच

(ग) उदर कवच।

उपाबन्ध—I

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963(1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाये जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप ।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खेल के सामान का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1984 है।

(2) ये राजपत्र में अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन बम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित कोई निर्यात निरीक्षण अभिकरण अभिप्रेत है ;

(ग) "परिशिष्ट" से इन नियमों का परिशिष्ट अभिप्रेत है;

(घ) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है ;

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमो से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(च) "खेल का सामान" से नीचे दी गई वस्तुओं में से कोई एक अभिप्रेत है :—

1. गेंद

(क) फुटबाल

(ख) बॉलीबाल

(ग) बास्केटबाल

(घ) नेटबाल

2. क्रिकेट और हाकी की गेंद (बॉल)।

3. क्रिकेट खेलने के बैट।

4. हाकी और छड़ें।

5. रैकेट।

(क) बैडमिंटन

(ख) टेनिस

(ग) स्क्वाश

6. सुरक्षात्मक उपकरण।

(क) बैटिंग करने वाले दस्ताने

(ख) विकेटकीपर और बल्समैन की टांगो के लिये सुरक्षात्मक कवच

(ग) उदर कवच

3. निरीक्षण का आधार :—खेल के सामान का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जायेगा कि खेल के सामान की क्वालिटी अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त विनिर्देशो के अनुरूप हैं, अर्थात् :—

(क) संगत भारतीय मानक या कोई अन्य राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय अन्य मानक।

(ख) निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानक।

(ग) उपाबन्ध II में दिये गये न्यूनतम विनिर्देशों को उत्पाद के पूरा करने के अधीन संविदात्मक विनिर्देश।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया :—(1) खेल के सामान का निरीक्षण यह देखने की दृष्टि से किया जायेगा कि खेल का सामान अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है।

या

(क) यह सुनिश्चित करते हुए कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 4 के उप नियम 2(क) के अधीन परि I] में विनिर्दिष्ट के अनुसार उत्पाद के दौरान क्वालिटी नियंत्रण विधियों का प्रयोग किया गया है।

या

(ख) नियम 4 के उपनियम 2(ख) के अनुसार किये गये निरीक्षण के आधार पर।

या

(ग) दोनों के आधार पर।

(2) निम्नलिखित स्कीमों में से कोई एक या दोनों स्कीमें अपनाई जाएंगी, अर्थात् —

(क) उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण (आई पी क्यूसी)

(1) कोई भी विनिर्माण एकक जिसके पास परिशिष्ट-1 के अनुसार पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण हैं, अभिकरण के निकटतम कार्यालय को आवेदन करेगा।

(2) फिर अभिकरण विनिर्माण एकक का दौरा करेगा और यह देखेगा कि क्या वहां उत्पादन के दौरान प्रभावी क्वालिटी नियंत्रण पद्धति विद्यमान है, या

(ख) परीक्षणानुसार निरीक्षण —

कोई भी विनिर्माण एकक जो खंड (क) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो वह निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन स्थापित या मान्यताप्राप्त किसी भी अभिकरण को निरीक्षण करने के लिए अपने निर्यात परेषण देगा जो यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उसके द्वारा विनिर्मित उत्पाद अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप हैं।

(3) खेल-कूद के सामान के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक कोई भी निर्यातकर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित में देगा और ऐसी सूचना के साथ ऐसे निर्यात से संबंधित निर्यात संविदा में निर्दिष्ट के अनुसार सभी तकनीकी विशेषताओं का ब्यौरा देते हुए किसी भी अभिकरण को विनिर्देशों की घोषणा देगा ताकि वह नियम-4 के उपनियम (2) के खंड (क) या खंड (ख) या दोनों खंडों के अनुसार निरीक्षण कर सके।

(4) उपनियम (2) के खंड (क) के अधीन अनुमोदित एककों द्वारा विनिर्मित खेल-कूद के सामान का निर्यात करने के लिए निर्यातकर्ता ऐसी सूचना के साथ यह घोषणा भी देगा कि निर्यात के लिए आशयित खेल-कूद का सामान परिशिष्ट में यथा अधिकथित पर्याप्त, क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करते हुए विनिर्मित किया गया है तथा परेषण इस प्रयोजन के लिए अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यताप्राप्त विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है।

(5) उप-नियम (2) और (4) के अधीन प्रत्येक सूचना और घोषणा अभिकरण के कार्यालय में परेषण के विनिर्माता के परिसर से भेजे जाने से कम से कम तीन दिन पूर्व पहुंचेगी।

(6) निर्यातकर्ता अभिकरण को निर्यात किए जाने वाले परेषण पर लगाए जाने वाले पहचान चिन्ह भी देगा।

(7) सूचना और घोषणा प्राप्त होने पर अभिकरण —

(क) नियम-4 के उप-नियम (2) के खंड (क) के अधीन अनुमोदित एककों द्वारा विनिर्मित उत्पादों का निर्यात करने वाले निर्यातकर्ता के मामले में अपना यह समाधान करने पर कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान एकक में ने परिशिष्ट के अंतर्गत दिए गए पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग किया है और इस संबंध में परिषद् द्वारा जारी किए गए अनुदेश, यदि कोई हों का पालन किया है तीन दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि परेषण निर्यात योग्य है। तथापि अभिकरण कालिक निरीक्षणों और स्थल पर जांच द्वारा यह सुनिश्चित करेगा कि विनिर्माण परिसरों पर पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग किया गया है तथा उत्पाद मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है, तथा

(ख) नियम-4 के उप-नियम (2) के खंड (ख) के अंतर्गत आने वाली एककों द्वारा विनिर्मित उत्पाद का निर्यात करने वाले निर्यातकर्ता के मामले में खेल-कूद के सामान का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जाएगा कि उत्पाद इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है।

(ग) निरीक्षण की समाप्ति के पश्चात्, अभिकरण परेषण में पैकेजों को इस प्रकार से पैक करेगा जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि सीलबंद पैकेजों में फेर बदल न की जा सके।

(घ) परेषण की अस्वीकृति के मामले में यदि निर्यातकर्ता ऐसा चाहे तो अभिकरण द्वारा परेषण को सील बंद नहीं किया जाएगा।

(ङ) ऐसे मामलों में, तथापि निर्यातकर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा।

(च) यदि अभिकरण का समाधान हो जाता है कि खेल-कूद के सामान का परेषण इन नियमों के अधीन अपेक्षाओं को पूरा करता है तो वह निरीक्षण की समाप्ति के तीन दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि परेषण निर्यात योग्य है :

परन्तु जहां अभिकरण का ऐसा समाधान नहीं होता है तो वह निर्यातकर्ता को यह घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर देगा कि खेल-कूद के सामान का परेषण निर्यात योग्य है और ऐसे इंकार की सूचना निर्यातकर्ता को उसके कारणों सहित सात दिन के भीतर दे देगा।

5. निरीक्षण का स्थान —इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण या तो (क) ऐसे उत्पादों के विनिर्माताओं के परिसर पर या (ख) उन परिसरों पर किया जाएगा जहां निर्यातकर्ता ने सामान प्रस्तुत किया है परन्तु यह तब जब कि वहां परीक्षण और निरीक्षण के लिए पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों।

6. निरीक्षण फीस —निर्यातकर्ता द्वारा अभिकरण को निरीक्षण फीस निम्नानुसार दी जाएगी —

(i) (क) उत्पाद के दौरान क्वालिटी नियंत्रण के अधीन निर्यात करने के लिए न्यूनतम 20/- रुपये प्रति परेषण के अधीन रहते हुए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.2 प्रतिशत की दर से।

(ख) परेषणवार निरीक्षण के अधीन निर्यात करने के लिए न्यूनतम 20/- रुपये प्रति परेषण के अधीन रहते हुए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.4 प्रतिशत की दर से।

(ii) उन विनिर्माताओं-निर्यातकर्ताओं के लिए जो राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की संबंधित सरकारों के पास लघु उद्योग विनिर्माण एककों के रूप में रजिस्ट्रीकृत है न्यूनतम 20/- रुपये प्रति परेषण के अधीन रहते हुए (क) और (ख) के लिए क्रमशः 0.19 प्रतिशत और 0.36 प्रतिशत की दर से।

(iii) सर्वेट निर्यातकर्ताओं द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुओं और उन एककों द्वारा विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात के लिए जिनके पास उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण स्टर है न्यूनतम 20- रुपये प्रति परेषण के अधीन रहते हुए पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.3 प्रतिशत की दर से।

7. अपील

(i) नियम–4 के उप-नियम (7) के खंड (घ) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने के इंकार से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित तीन से अन्यून और सात से अनधिक व्यक्तियों के विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकता है।

(ii) पैनल में विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के दो तिहाई सदस्य गैर सरकारी होंगे।

(iii) विशेषज्ञों के पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी।

(iv) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर निपटा दी जाएगी।

परिशिष्ट I

[नियम 4(4) देखें]

खेल-कूद के सामान का प्रत्येक विनिर्माता इससे संलग्न अनुसूची में दिए गए नियंत्रणों के स्तरों सहित नीचे अधिकथित उत्पाद के विनिर्माण, परिरक्षण और पैकिंग के विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित नियंत्रणों के प्रयोग करके खेल-कूद के सामान का क्वालिटी नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

1. क्रय की गई सामग्री और संघटकों पर नियंत्रण,

(क) विनिर्माता, प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री या संघटकों की विशिष्टताओं को समाविष्ट करते हुए और उसके सहायताओं सहित ब्यौरेवार विर्माओं के क्रय विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) स्वीकृत परेषण के साथ या तो क्रय विनिदर्शों की अपेक्षाओं की संपुष्टि करते हुए उत्पादक का प्रमाण-पत्र होगा या ऐसे परीक्षण प्रमाण-पत्र की अनुपस्थिति में प्रत्येक परेषण में से क्रय विनिदर्शों से इसकी अनुरूपता की जांच करने के लिए नमूनों का नियमित परीक्षण किया जाएगा। उत्पादक परीक्षण प्रमाण-पत्र की शुद्धता को सत्यापित करने के लिए पांच परेषणों में कम से कम एक बार प्रति जांच की जाएगी।

(ग) आने वाले परेषणों का सांख्यिकी नमूना योजना के विरुद्ध क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और परीक्षण किया जाएगा।

(घ) निरीक्षण और परीक्षण किए जाने के पश्चात् दोषपूर्ण माल का उचित पृथक्करण और निपटान करने के लिए व्यवस्थित पद्धतियां अपनाई जाएंगी।

(ङ) उपरोक्त वर्णित नियंत्रणों के बारे में पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखे जाएंगे।

2. प्रक्रिया नियंत्रण :—

(क) विनिर्माण के विभिन्न अनुक्रमों के लिए विनिर्माता द्वारा ब्यौरेवार प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों में अधिकथित प्रक्रिया पर नियंत्रण रखने के लिए उपकरणों और उपस्करों की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

3. उत्पाद नियंत्रण :—

(क) विनिर्माता के पास मानक विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद की जांच करने के लिए या तो अपनी परख सुविधाएं होंगी या उनकी पहुंच वहां तक होगी जहां ऐसी परीक्षण सुविधाएं विद्यमान हों।

(ख) परीक्षण के लिए नमूना (जहां कहीं अपेक्षित हो) अभिलिखित अन्वेषण के आधार पर होगा।

(ग) किए गए परीक्षण के बारे में पर्याप्त अभिलेख विनिर्माता द्वारा नियमित और व्यवस्थित रूप से रखे जाएंगे।

4. माप संबंधी नियंत्रण :—उत्पादन और परीक्षण में प्रयुक्त मापकों और उपकरणों की कालिक जांच या अंशशोधन किया जाएगा और अभिलेख वृत्त कार्ड के रूप में रखे जाएंगे।

5. परिरक्षण नियंत्रण :—

(क) विनिर्माता द्वारा उत्पाद को मौसमी दशाओं के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए ब्यौरेवार विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) उत्पाद भंडार और अभिवहन दोनों के दौरान अच्छी तरह से परिरक्षित किया जाएगा।

6. पैकिंग नियंत्रण :—निर्यात के पैकेजों के साथ-साथ उत्पाद की पैकिंग के लिए विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे और उनका कठोरता से पालन करना होगा।

परिशिष्ट II

[नियम 2 (ख) देखें]

1. फुटबाल के लिए विनिर्देश :—

1. सामग्री, चमड़ा—बाल का विनिर्माण क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार कटी हुई खाल और खुरदरेपन दोषों से मुक्त सब्जी/अर्धवर्णक या क्रोमशोधित, किसी भी रंग में रंगे हुए या रंगरूप किए हुए या भैंस चर्म की उचित खाल से किया जाएगा। चर्मशोधन कार्य के अंत में और सुखाने से पहले चमड़े में फफूंदी उत्पन्न होने की प्रतिरोधिता को उत्पन्न करने के लिए, चमड़े में उचित फंगस समाविष्ट की जाएगी। ये प्रभावी और अविषैले होंगे। शोधित चर्म या तेज द्रव या तैलीय ये दोनों होंगे तथा प्राप्त की गई सतह चिकनी और भली भांति सैट होगी। प्रयुक्त चमड़े की न्यूनतम मोटाई 2.0 मिली मीटर होगी।

3. सिलाई के लिए धागा :—

(i) लिनेन धागा—सिलाई के लिए विगलनरोधी और 5 गलाई वाला धागा प्रयुक्त किया जाएगा।

(ii) सूती धागा—98 टैक्स × 8(6 एस/8) के अनुरूप होगा।

(iii) लिनेन धागा—क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा।

3. विमाएं :—

(i) रबड़ 0.98 टैक्स (1 कि.ग्रा. एफसि.मी. 2) के वायु 910 से हवा भरी जाएगी। बाल 68 से 71 से.मी. की परिधि के लिए हुए गोलाकार रूप में होगी।

(ii) हवा भरे हुए ब्लेडर के साथ बाल का भार 397 से 453 ग्राम होगा।

(iii) गोलाई पर परिधि में 1 प्रतिशत सहायता अनुज्ञेय होगी।

4. रंग क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुरूप होगा।

5. कारीगरी और फिनिश :—

(i) बाल लिनेन या सूती धागे से सिली जाएगी और प्रति डेसीमीटर 24±2 टांके होंगे। टांके अच्छी तरह से कसे होंगे। जब 1 कि० ग्राम एक से.मी. के वायु दाब से बाल भरी जाएगी।

दृष्टिगत धागे बाल की सतह से 2 मिली मीटर से अधिक गहरे नहीं होंगे ।

(ii) बॉल गोलाई देते हुए विशेष आकारों की उचित संख्याओं से बनी होगी ।

(iii) बॉल का मुंह इतना पर्याप्त होगा । कि हवा भरने वाले पम्प की टोंटी और सुई उसके अनुकूल हो तथा बॉल को हवा रहित करने के लिए उचित साधन दिए जाएंगे । ब्लैडर का गर्दन मुंह के अन्दर पूर्णतया फिट होगा ।

2. वालीबाल के लिए विनिर्देश :

1. सामग्री : चर्म : बॉल का निर्माण कटी हुई खाल और खुरदरे दोषों से मुक्त सब्जी/अर्धवर्णक या क्रोमशोधित, किसी भी रंग में रंगे हुए या रंगलेप किए हुए गोचर्म या भैंस चर्म की उचित खाल से किया जाएगा । चर्मशोधन के अंत में और सुखाने से पहले खाल में फफूदी होने की प्रतिरोधिता को उत्पन्न करने के लिए खाल में उचित पास समाविष्ट की जाएगा, ये प्रभावी और अविषैले होंगे । शोधित चर्म तेज द्रव या तैलीय दोनों होंगे तथा सतह चिकनी और भली-भांति सेट होगी ।

सिलाई के लिए धागा :

(i) लिनेन धागा :—सिलाई के लिए प्रयुक्त धागा विगलन रोधी और 4 प्लाई वाला होगा ।

(ii) सूती धागा 98 टैक्स 8 (6 एम/8) के अनुरूप होगा ।

(iii) अस्तरण कपड़ा क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार ।

3. विमाएं :—

(1) जब 0.4? से 0.52 कि.ग्रा./सि. मीटर ^{2} के वायु दाब से भरी हुई बॉल 65 से 75 से. मीटर की परिधि किए हुए आकार में गोल होगी ।

(2) हवा भरे हुए ब्लैडर सहित बाल का 260 से 280 से मी. होगा ।

(3) गोलाई में परिधि पर 1 प्रतिशत की सहायता अनुमत होगी ।

4. रंग—क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा ।

5. कारीगरी और फिनिश :—

(1) बॉल लिनेन या सूती धागों से सिली होगी और टाँके 24±2 प्रति डेसीमीटर होंगे । टाँके अच्छी तरह से कसे होंगे । जब बॉल 0.48 से 0.52 कि.ग्रा. एफ/सि.मी. ^{2} के वायु दाब से भरी जाए, चाक्षुष धागे बॉल की सतह से 2 मिली मीटर से अधिक गहरे नहीं होंगे ।

(2) बॉल अच्छी तरह गोलाई देते हुए योग्य आकारों के पैनल की उचित संख्या से बनी होगी ।

(3) मुंह इतना बड़ा होगा कि उसमें हवा भरने वाले पम्प की टोंटी फिट हो या सुई उसके अनुकूल हो तथा हवा निकालने के लिए उचित साधन दिए गए हों । ब्लैडर की गर्दन मुंह के अन्दर तक पूरी तरह होगी ।

3. बास्किट बाल के लिए विनिर्देश

1. सामग्री :—

चर्म बॉल का विनिर्माण क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार कटी हुई खाल और खुरदरेपन दोषों से मुक्त सब्जी/अर्धवर्णक या क्रोमशोधित किसी भी रंग में रंगे हुए या रंगलेप किए हुए गोचर्म या भैंसचर्म की उचित खाल से किया जाएगा । चर्म शोधन कार्य के अन्त में और सुखाने से पहले चमड़े में फफूदी उत्पन्न होने की प्रतिरोधिता को उत्पन्न करने के लिए चमड़े में उचित फास समाविष्ट की जाएगी, ये प्रभावी और अविषैले होंगे । चर्मशोधित चमड़ा तेज द्रव या तैलीय या दोनों का होगा और सतह चिकनी और भली भांति सेट होगी । प्रयुक्त चमड़े की न्यूनतम मोटाई 2.0 मिली मीटर होगी ।

2. सिलाई के लिए धागा :—

(1) लिनेन धागा—सिलाई के लिए विगलन रोधी और 5 प्लाई वाला धागा प्रयुक्त होगा ।

(2) सूती धागा—98 टैक्स (टांका) × 8 (6 एम/8) के अनुरूप होगा ।

(3) अस्तरण कपड़ा—क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा ।

3. विमाएं :—

(1) जब 0.90 किलो ग्राम एफ/सि. मीटर ^{2} को वायु दाब से भरी हुई बॉल आकार में गोल होगी और 75 78 से से.मी. परिधि होगी ।

(2) भरे हुए ब्लैडर सहित बॉल का भार 600 से 650 ग्राम होगा ।

(3) गोलाई पर परिधि में 1 प्रतिशत की सहायता अनुमति होगी ।

4. रंग :—क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा ।

5. कारीगरी और फिनिश :—

(1) बॉल लिनेन या सूती धागों से सिली होगी और टाँके 24±2 प्रति डेसीमीटर होंगे । टाँके अच्छी तरह से कसे होंगे । जब बॉल 0.90 कि.ग्राम/सि.मी. ^{2} के वायु दाब से भरी जाए, चाक्षुष धागे बॉल की सतह से 2 मिली मीटर से अधिक गहरे नहीं होंगे ।

(2) बॉल अच्छी तरह गोलाई देते हुए योग्य आकार के पैनल की उचित संख्या से बनी होगी ।

(3) बॉल का मुंह इतना बड़ा होगा कि उसमें हवा भरने वाले पम्प की टोंटी या सुई उसमें समायोजित होने के अनुमत हो, हवा निकालने के लिए उचित साधन दिए गए हों । ब्लैडर की गर्दन मुंह के अन्दर तक पूरी तरह फिट हो ।

4. नेट बॉल के लिए विनिर्देश

1. सामग्री :

चर्म—बॉल का विनिर्माण क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करारा के अनुसार कटी हुई खाल और खुरदरेपन दोनों से मुक्त, सब्जी/अर्धवर्णी या क्रोमशोधित किसी भी रंग में रंग हुए या रंगलेप किए हुए गोचर्म या भैंसचर्म की उचित खाल से किया जाएगा । चर्म शोधन कार्य के अंत में और सुखाने से पहले चमड़े में फफूदी उत्पन्न होने की प्रतिरोधिता को उत्पन्न करने के लिए चमड़े में उचित फास समाविष्ट की जाएगी । ये प्रभावी और अविषैले होंगे । चर्म शोधक चमड़ा तेज द्रव या तैलीय या दोनों का होगा और सतह चिकनी और भलीभांति सेट होगी ।

2. सिलाई के लिए धागा :—

(1) लिनेन धागा—सिलाई के लिए विगलनरोधी और 5 प्लाई वाला प्रयुक्त होगा ।

(2) सूती धागा —98 टक्स (टाँकों), × 8 (6 एम/8) के अनुरूप होगा ।

(3) अस्तरण कपड़ा क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा ।

3. विमाएं :

(1) जब बॉल में हवा भरी जाए तब बॉल 68 से 71 परिधि लिए हुए आकार में गोल होगी।

(2) पूरे भरे हुए ब्लैडर सहित बॉल का भार 397 से 454 ग्राम होगा।

(3) गोलाई पर परिधि में 1 प्रतिशत की सहयता अनुमत होगी।

4. रंग :—क्रेता के और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगी।

5. कारीगरी और फिनिश :

(1) बाल लिनेन या सूती धागों से सिली होगी और टांके 24 I 2 प्रति डेसी मीटर होंगे। जब बाल वायु दाब से पूर्ण हो तो दृष्टिगत धागे बाल की सतह से 2 मिली मीटर से अधिक गहरे नहीं होंगे।

(2) बाल अच्छी तरह गोलाई देते हुए योग्य आकारों के पैनल की उचित संख्या में बनी होगी।

(3) मुंह इतना बड़ा होगा कि उसमें हवा भरने वाले पम्प टोंटी या सुई उसके अनुकूल हो तथा हवा निकालने के लिए उचित साधन दिए गए हों। ब्लैडर की गर्दन मुंह के अन्दर तक पूरी तरह से फिट होगी।

5. क्रिकेट और बाल के लिए विनिर्देश

1. सामग्री :

(1) कोर-कोर कर्क की लकड़ी तथा नई ऊन, (3-4 प्लाई) से बनी होगी, 89 टैक्स (टांकों) उसी कपड़े पर धागे से होंगे कर्क की मात्रा तथा ऊन का अनुपात 2 : 1 (±5%) और 5 : 4 (±5%) होनी चाहिए। इसके साथ ही तैयार कर्क का भार 28±3 ग्राम होगा।

(2) कवर—आवरण मोटे चमड़े के उचित भाग से कटे हुए गोचर्म तथा भैंसचर्म से बना होगा। क्रिकेट बाल के लिए कवर चार काठरे में होगा और हाकी बाल के मामलों में 4/2 काठरें में होगी जो संपीड़ित चर्म के अन्दर उचित रूप से मजबूत होगी।

2. सिलाई के लिए धागा : आंतरिक सिलाई के लिए धागा पटसन या सूती अन्य किसी समतुल्य क्वालिटी का होगा।

(1) आंतरिक सिलाई: कटाई के प्रत्येक दो जोड़ों में सिलाई 19 से 22 दिखाई न देने वाले टांकों से होगी और गोलाकार कपों में दबाई जाएगी। सिलाई एकसार होगी।

(2) बाहरी सिलाई: बाहरी सिलाईयों की न्यूनतम संख्या कार्क के तैयार केन्द्र के बिना बालों के मामले में 80, और कार्क के तैयार केन्द्र वाली बालों के मामले में 75 होगी।

3. विमाएं :

(1) परिधि : क्रिकेट और हाकी बालों की परिधि 22.4 सें. मी. और 22.9 सें. मी. के मध्य होगी।

(2) भार : क्रिकेट और हाकी बालों का भार 156 ग्राम और 163 ग्राम के बीच होगा।

4. रंग : क्रिकेट बालों का रंग लाल और हाकी बालों का रंग सफेद होगा।

5 कारीगरी और फिनिश : तैयार बाले गोल होगा। तैयार क्रिकेट बाल पालिश की हुई या चमक दी हुई होगी। तैयार हाकी बाल या तो प्राकृतिक सफेद या कृत्रिम सफेद होगी।

6. क्रिकेट बैट के लिए विनिर्देश

1 सामग्री : प्रयुक्त बाल पर्याप्त हल्का होगा और गड्ढों; धब्बों दरारों या किसी अन्य विनिर्माण दोषों से मुक्त होगा।

2. हैंडल :

(1) हैंडल केन और रबड़ निवेशन के उचित कार्टों से बना होगा। प्रयुक्त केन खोखलेपन, बेधक छिद्रों और कीट आक्रमण से मुक्त होगा।

(2) प्रयुक्त केन का आर्द्रतापन अधिकतम 12 प्रतिशत होगा।

3 विमाएं :

(1) लम्बाई बैट की कुल लम्बाई 840 से 970 मि. मी. के बीच में होगी।

(2) ब्लेड की चौड़ाई: ब्लेड की चौड़ाई 105 और 110 मि. मीटर के बीच में होगी।

(3) हैंडल : जोड़ सहित हैंडल की लम्बाई 425 और 435 मि. मीटर के बीच में होगी।

(4) गोलाई के अधिकतम बिन्दु पर मोटाई-गोलाई के अधिकतम बिन्दु पर मोटाई 61 और 55 मिली मीटर के बीच में होगी।

(5) जोड़ की लम्बाई : क्रिकेट बैट के जोड़ की लम्बाई 125 और 180 मि. मीटर होगी।

(6) हैंडल की परिधि: हैंडल की परिधि 105 और 130 मिली मीटर के बीच में होगी।

4 भार : क्रिकेट बैट का भार 960 और 1100 ग्राम के बीच में होगा।

5. कारीगरी और फिनिश : हैंडल ब्लेड में सुरक्षित और एकसार फिट किया जाएगा। जोड़ सुरक्षित रूप में जुड़े होंगे। हैंडल लम्बाई की ओर रबड़ निवेशित होगा। जिससे कि बैट को लचक दे सके। हैंडल उचित रूप से बंधा होगा और रबड़ की ग्रिप से आवृत होगा। ब्लेड का मुख्य भाग और किनारे अच्छी तरह से गोल होंगे और इसका अग्र और पृष्ट भाग पर्याप्त चिकना होगा।

7. हाकी छड़ों के लिए विनिर्देश

1. ब्लेड : हाकी छड़ों की ब्लेड उपयुक्त लकड़ी से बनी होगी ताकि तैयार ब्लेड का आर्द्रता तत्व 12 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

2. हैंडल : हाकी छड़ों का केन के उपयुक्त काटों से बना होगा। प्रयुक्त केन खोखलेपन बेधक छिद्रों, कीट आक्रमण और धब्बों से मुक्त होगी प्रयुक्त केन का आर्द्रता तत्व 12 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा

3. विमाएं :

(1) लम्बाई: हाकी छड़ की कुल लम्बाई 865 और 965 मिली मीटर के बीच में होगी।

(2) ब्लेड की चौड़ाई: ब्लेड इस तरह से गठित किया जाएगा जिससे कि ये 51 मि. मी. के आंतरिक व्यास के घेरे से निकल सके और 49 मि. मीटर आंतरिक व्यास घेरे से न निकल सके।

(3) जोड़ की लम्बाई: हैंडल ब्लेड में 200 से 226 मिली मीटर लम्बे जोड़ से अच्छी तरह फिट होगा।

4. भार : हाकी छड़ का भार निम्नलिखित में से कोई एक होगा :

. . . . 340—535 ग्राम

. . . . 536—595 ग्राम

. . . . 596—650 ग्राम

. . . . 651—790 ग्राम

5. कारीगरी और फिनिश : हैंडल वैकल्पिक होते हुए काटों और स्वच्छ डिजाइन से बना होगा। जोड़ सुरक्षित रूप से चिपके होंगे। हैंडल पर्मेंट या उपयुक्त कपड़े से पहले लपेटा जाएगा। और फिर स्वच्छ खोल, चमड़े या कैंवा और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार आवृत्त होगा। जोड़ में किसी भी कील का प्रयोग नहीं किया जाएगा और छड़ों में धातु की फिनिश नहीं होगी। ब्लेड को खोलने वाली सतह किनारों के साथ समतल होगी और किनारे गोल होंगे। ब्लेड की अच्छी फिनिश और वार्निश होगी।

8. बैडमिंटन रैकेटफ्रेम के लिए विनिर्देश

1. सामग्री :

(1) यह लकड़ी गांठों, दरारों, क्षीणों, धब्बों तथा खुले छिद्रों से मुक्त होगी।

(2) लकड़ी की आर्द्रता तत्व 10 तथा 14% के बीच की होगी।

2. परिमाप :

(1) लम्बाई :—फ्रेम की पूरी लम्बाई शटल कॉक के साथ खेलने के लिए 660 ± 3 मिली मीटर तथा ऊनी गेंद (बाल) के साथ खेलने के लिए 660 मिली मीटर से 675 मिली मीटर तक होगी।

(2) फिनिश के पश्चात् घुमाव की मोटाई—फिनिश के पश्चात घुमाव की अधिकतम तथा न्यूनतम मोटाई क्रमश: 9 मिली मीटर तथा 7 मिली मीटर होगी।

(3) घुमाव के बड़े तथा छोटे सिरे —घुमाव के बड़े तथा छोटे सिरे 235 मिली मीटर तथा 247 मिली मी. तथा 187 मि. मी. तथा 194 मि. मी. के बीच क्रमश: होंगे।

(4) छिद्र —जाली बनाने वाले धागे के लिए छिद्रों की संख्या 66 तथा 72 के बीच में होगी। छिद्रों का व्यास 2 मिली मीटर होगा।

(5) हत्था :—फ्रेम के ग्रिप की लम्बाई 140 तथा 152 मिली मीटर के बीच में होगी।

(6) क्रिसेंट की चौड़ाई :—जैज बिन्दु पर क्रिसेंट की चौड़ाई 11 से 13 मिली मीटर होगी।

(7) वेज :—घुमावों के लिए कम से कम 4 प्लाई प्रयोग की जाएगी।

3. भार —

(1) शटल कॉक खेलने के लिए बैडमिंटन रैकेट फ्रेम का भार 120 ग्राम तथा 160 ग्राम के बीच में होगा।

(2) ऊनी गेंद से बैडमिंटन खेलने के लिए बैडमिंटन रैकेट का भार 175 ग्राम से 200 ग्राम के अन्दर होगा।

4 कारीगरी और फिनिश :—उचित घुमाव बनाने के लिए शेपिंग कलैम्प पर सभी प्लाई को उचित रूप से चिपकाया तथा एक के बाद एक सुरक्षात्मक रूप से फिट किया जाएगा। किनारों को "यू" आकार के आवरण के साथ मजबूत किया जाएगा जो कि झुका होगा तथा आकार को काटेगा नहीं। घुमाव की सतह तथा ऊपरी हिस्सा पूर्ण रूप से गोलाकार तथा हलका होगा। फ्रेम पूर्णत: चिकना, पालिश किया हुआ और उपर्युक्त रूप से कटा हुआ भी होगा। किनारों की तरफ के छिद्र जो कुल संख्या दो तिहाई छिद्रों से कम नहीं होंगे। बाहरी ओर से भी धंसे होंगे। छिद्रों के किनारे उचित रूप से गोल होंगे। स्टील की रॉड जब प्रयोग की जाए तो वह खोखले स्टील ट्यूब से बनी होगी, उपयुक्त रूप से पत्थर चढ़ाया गया हुआ होगा तथा प्रत्येक जोड़ पर सरेस लगा होगा या प्रत्येक जोड़ पर पिन लगी होंगी।

5. परख :—रैकेट मेज पर रखे जाएंगे तथा हैंडल को इस प्रकार दबाया जाएगा कि वह समान अवस्था में रहे। रैकेट का घुमाव मेज की तरह वर्गाकार होगा तथा रैकेट के किसी भी तरह के विभिन्न तत्स्थानी सिरों पर घुमाव की ऊंचाई बराबर होगी। रैकेट पलटे जाएंगे और पुनः परीक्षित होंगे।

9. टेनिस रैकेट फ्रेम के लिए विनिर्देश

1. सामग्री :—

(1) लकड़ी गांठों, दरारों, क्षणिक धब्बों तथा खुले छिद्रों से मुक्त होगी।

(2) लकड़ी की आर्द्रता तत्व 10 तथा 14 प्रतिशत के मध्य होगी।

2. परिमाप :—

(1) लंबाई—टेनिस रैकेट फ्रेम की पूरी लंबाई 685 ± 5 मिली मीटर होगी।

(2) फिनिश के पश्चात् घुमाव की मोटाई—फिनिश के पश्चात् घुमाव की मोटाई अधिकतम तथा न्यूनतम मोटाई क्रमश: 16 मिली मीटर तथा 12 मि. मीटर होगी।

(3) घुमाव के बड़े तथा छोटे सिरे—घुमाव के अन्दरूनी बड़े तथा छोटे सिरे 265 ± 5 मिली मीटर तथा 210 ± 5 मि. मीटर क्रमश: होंगे।

(4) छिद्र—जाल बनाने के लिए धागों की संख्या 62 तथा 66 के बीच में होगी। छिद्रों का व्यास दो जाली धागे के लिए 3 मि. मीटर तथा एक जाली धागे के लिए 2.5 मि. मी. होगा।

(5) हत्था—टेनिस, रैकेट फ्रेम के हत्थे की लंबाई 150 मि.मी. तथा 165 मि. मी. के मध्य होगी। हत्थे का घेरा 100 मि. मी. तथा 130 मि. मी. के बीच में होगा।

(6) क्रिसेंट की चौड़ाई—क्रिसेंट की चौड़ाई थेजबिन्दु पर 20 से 22 मि.मी. होगी।

(7) वेज—वेज के लिए कम से कम 5 प्लाई प्रयोग की जाएगी।

3. भार—टेनिस रैकेट फ्रेम का भार 350 ग्राम तथा 410 ग्राम के अन्दर होगा।

4. कारीगरी तथा फिनिश :—उचित घुमाव देने के लिए शेपिंग क्लैम्प पर सभी प्लाइयों को उचित रूप से चिपकाया तथा एक के बाद एक सुरक्षात्मक रूप से फिट किया जाएगा। किनारे को "यू" आकार के आवरण के साथ मजबूत किया जाएगा जो कि झुका होगा तथा कटे हुए आकार में नहीं होगा। घुमाव की सतह तथा इसके मुख का ऊपरी हिस्सा पूर्णरूप से गोलाकार तथा हलका होगा। फ्रेम की सतह चिकनी, चमकदार होगी तथा उपयुक्त झुकाव भी होगा। सभी छिद्र अन्दर धंसे होंगे। किनारों की तरफ के छिद्रों कुल संख्या दो तिहाई छिद्रों से कम नहीं होंगे बाहरी ओर से भी धंसे होंगे। छिद्रों के किनारे उचित रूप से मुड़े होंगे।

5 परख—रैकेट मेज पर रखे जाएंगे। तथा हैंडल को इस प्रकार से दबाया जाएगा कि यह समान अवस्था में रहे। रैकेट का झुकाव मेज पर बराबर होगा तथा रैकेट के दोनों तरफ के विभिन्न तत्स्थानी सिरों पर घुमाव की ऊंचाई बराबर होगी। रैकेट पलटे जाएंगे तथा परीक्षण को दोबारा दोहराया जाएगा।

10. स्क्वॉश रैकेट फ्रेम के लिए विनिर्देश

1 सामग्री :

(1) लकड़ी गांठों, दरारों, क्षीणों, धब्बों तथा खुले छिद्रों से मुक्त होगी।

(2) लकड़ी की आर्द्रता तत्व 9 तथा 12 प्रतिशत के अन्दर होगी।

2 परिमाण .

(1) लंबाई--स्क्वाश रैकेट फ्रेम की पूरी लंबाई 286±5 मि. मी. होगी।

(2) फिनिश के पश्चात् बैंड की मोटाई--फिनिश के पश्चात् घुमाव की अधिकतम तथा न्यूनतम मोटाई क्रमश: 11 मि. मी. तथा 13 मि. मी. होगी।

(3) घुमाव के बड़े तथा छोटे सिरे--घुमाव के बड़े तथा छोटे सिरे 195±5 मि. मीटर तथा 170±5 मि. मीटर क्रमश: होंगे।

(4) छिद्र--छिद्रों की संख्या 54 तथा 56 के अन्दर होगी। प्रत्येक छिद्र का व्यास 1.8 मि० मीटर होगा।

(5) हत्था--स्क्वाश रैकेट फ्रेम का हत्था 140 तथा 170 मि०मी० के अंदर होगा।

(6) क्रिमेट की चौड़ाई--क्रिमेट की चौड़ाई मेज बिंदु पर 15 से 18 मि. मी. होगी।

3. घुमाव:—घुमावों के लिए कम से कम 4 प्लाई प्रयोग की जाएगी।

4 हत्था:--हत्था चमड़े, चर्म कपड़े या क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार बना होगा।

5 कारीगरी तथा फिनिश.--उचित घुमाव बनाने के लिए सभी प्लाईयां उचित रूप से चिपकाई तथा गुणात्मक ढंग से फिट की जाएंगी। फिन्नर "यू" आकार की पट्टी का सरेस की सहायता से फ्रेम प्लाईयों को चिपकाया जाएगा। झुकाव की सतह तथा गर्दन पूर्ण रूप से गोलाकार तथा हलकी होगी। छिद्र के किनारे चिकनाई से मुड़े हुए होंगे। फ्रेम की सतह चिकनी चमकदार तथा संतुलित होगी।

11. बैटिंग दस्तानों के लिए विनिर्देश

1 सामग्री .

(1) क्रिकेट खेलने के बैटिंग दस्तानों के लिए प्रयोग आने वाली सामग्री क्रेता तथा विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

(2) निर्यात संविदा में विनिर्दिष्ट किसी भी अनुबंध के अभाव में, क्रिकेट बैटिंग दस्तानों के विनिर्माण के लिए सामग्री सुसंगत भारतीय मानक विनिर्देश के अनुरूप होगी।

2 परिमाप .

(1) क्रिकेट बैटिंग दस्तानों का परिमाप क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा।

(2) निर्यात संविदा में विनिर्दिष्ट किसी भी अनुबंध के अभाव में, क्रिकेट बैटिंग दस्तानों के विनिर्माण के लिए सामग्री सुसंगत भारतीय मानक विनिर्देशों के अनुरूप होंगे।

3. सिलाई के लिए धागा:

दस्तानों की सिलाई के लिए धागा बेहतर पोंम साइज या सूती, कोर स्पन या अन्य कोई उपयुक्त धागा प्रयुक्त होगा।

4 रंग

विक्रेता तथा क्रेता के मध्य हुए करार के अनुरूप होगा।

5. कारीगरी तथा फिनिश:—दस्ताने कलाईयों में कसे हुए तथा हथेलियों तथा हाथों की अंगुलियों की जड़ों में उपयुक्त फिट होंगे। सिलाई पक्की होगी तथा सामान्य कारीगरी अच्छी क्वालिटी की होगी। दस्ताने पहनने में आरामदेह होंगे तथा बल्लेबाज को कलाईयों तथा अंगुलियों को चलाने में आसानी होगी।

12. क्रिकेट खिलाड़ी तथा विकेटकीपर के टांगों के कवच के लिए विनिर्देश

1. सामग्री:--

(1) क्रिकेट खिलाड़ी तथा विकेटकीपर के टांगों के कवच के लिए प्रयोग आने वाली सामग्री विक्रेता और क्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगी।

(2) निर्यात संविदा में किसी भी विनिर्दिष्ट अनुबंध के अभाव में, क्रिकेट खिलाड़ी तथा विकेटकीपर के टांगों के कवच के विनिर्माण के लिए सामग्री सुसंगत भारतीय मानक विनिर्देशों के अनुरूप होगी।

2. परिमाप:

(1) क्रिकेट खिलाड़ी तथा विकेटकीपर के टांगों के कवच के लिए परिमाप विक्रेता तथा क्रेता के मध्य हुए करार के अनुरूप होगा।

(2) निर्यात संविदा में किसी भी विनिर्दिष्ट अनुबंध के अभाव में, क्रिकेट खिलाड़ी तथा विकेटकीपर के टांगों के कवच के विनिर्माण के लिए परिमाप सुसंगत भारतीय मानक विनिर्देश के अनुरूप होंगे।

3. भार --

(1) क्रिकेट खिलाड़ी के लिए टांगों के कवच--क्रिकेट खिलाड़ी के लिए टांगों के कवच का भार 1.5 से 1.8 कि. ग्रा. के बीच प्रति जोड़ा होगा।

(2) विकेट कीपर के लिए टांगों का कवच--विकेट कीपर के लिए टांगों का कवच का भार प्रति एक जोड़ा 1.8 से 2.2 कि. ग्राम के बीच होगा।

4. रंग.--विक्रेता तथा क्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा।

5. कारीगरी और फिनिश.--टांगों का कवच जब टांगों से लपेटा जाए तो लचीला होगा तथा खिलाड़ी को हानि नहीं पहुंचाएगा। कैनवस की दोहरी परत, चमड़े तथा अन्य किसी उपयुक्त सामग्री का कवच टांगों के रखने वाले भाग को सुरक्षा देने के लिए दिया जाएगा इन-स्टेप का छोर उपयुक्त रूप से गद्देदार होगा। प्रत्येक टांगों के कवच में सात धारियां होंगी।

13 खेलने के प्रयोग के लिए उदर कवच के लिए विनिर्देश

1. सामग्री:--

(1) प्लास्टिक-उदर कवच के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त प्लास्टिक विशेषत: यूरिया फार्मोल्डिहाइड होगा या क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए अन्य कोई उपयुक्त प्लास्टिक होगा। प्रयुक्त प्लास्टिक अक्षोभक तथा अविषैला होगा।

(2) चमड़ा:--उदर कवच के लिए प्रयोग किया गया चमड़े का जब चाक्षुष निरीक्षण हो तो कोई भी फफूंदी की वृद्धि दिखाई नहीं देनी चाहिए। यह चिकनी प्रलाक्षा या तैलीय या दोनों का होगा।

2. परिमाप

(1) धातु निवेश के लिए काली प्लेट--काली प्लेट की कम से कम 0.56 मि. मीटर की मोटाई होगी।

(2) इलास्टिक टेप--उदर कवच के लिए प्रयोग किए गए इलास्टिक टेप की चौड़ाई 20 से 25 मिली मीटर के बीच होगी।

(3) चमड़े की मोटाई--उदर कवच के तैयार प्रक्रम में चमड़े की मोटाई 0.7 से 1.0 मिली मीटर के बीच में होगी।

(1) टाकों की लम्बाई—सभी टांके 10 तथा 15 मिली मीटर के बीच में होंगे ।

3 कारीगरी तथा फिनिश —प्लास्टिक उदर कवच साफ आकार के होंगे तथा दरारें, फफूंदी क्षति तथा अन्य कोई विनिर्माण दोषों से मुक्त होंगे । इसकी सतह चिकनी होगी । उदर कवच में धातु निवेश के टुकड़ों से बना होगा, तथा प्रयाप्त मजबूती देते हुए उपयुक्त स्लिप भी होंगे । यह चमड़े से उचित रूप से ढके हुए होंगे तथा उदर कवच का सामने का भाग उचित रूप से धातु निवेश पर चमड़े से चिपकाई होगी तथा भीतरी चमड़ा उचित रूप से कसा होगा । टांके पक्के और उचित होंगे तथा टांके कसे हुए होंगे । गाई बिना प्लास्टिक टैप के भी कवच हो सकते है । प्लास्टिक टैप यदि प्रयोग हो तो यह चमड़े के स्ट्रैप तथा उचित रूप से कवच मिले हुए होंगे ।

4 रंग.—विक्रेता तथा क्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार।

5. परख :—

(1) कवच को अस्तरण सतह को छूते हुए समतल सतह पर रखें। 10 कि. ग्राम का भार 150 मि. मीटर की ऊंचाई से कवच पर गिराया जाए । यह दस बार किया जाएगा । कवच परख के अन्त तक नहीं टूटेगा ।

(2) 250 मि मी. लम्बा प्लास्टिक टैप का टुकड़ा लें । इस टुकड़े को 875 मि. मी. की लम्बाई तक खींचे तथा छोड़ें । यह तेज गति में 50 बार दोहराया जाए । इस परीक्षण के खत्म होने पर, इस टैप की लम्बाई नापें 25 मि. मी. से अधिक लम्बाई नहीं बढ़नी चाहिए ।

14. खेलने की सभी वस्तुओं के लिए नमूना लेना तथा अनुरूपता के लिए मापदंड :—प्रत्येक परेषण के लिए नमूना लेने तथा अनुरूपता का मानदंड नीचे दी गई सारणी के अनुसार होगा :—

सारणी

लॉट आकार	चाक्षुक्ष तथा परिमापिय जांच के लिए नमूने का आकार	अन्य सभी परिक्षणों अनुज्ञेय के लिए नमुना आकार में से लिए जाने वाले उप-नमूना आकार	दोषों की संख्या	
			स्तंभ 2 के लिए	स्तंभ 3 के लिए
50 तक	3	1	0	0
51 से 100	5	5	0	0
101 से 300	8	2	0	0
301 से 500	13	3	1	0
501 से 1000	20	3	1	0
1001 से 3000	32	5	2	1
30001 से ऊपर	50	6	3	1

चिह्न :—जब तक कि विदेशी क्रेता द्वारा अन्यथा अनुबंधित न हो, टुकड़ों पर सुपाठ्य रूप से विनिर्माता का नाम, व्यापार चिह्न या पहचान चिह्न अंकित होंगे।

पैकिंग : टुकड़े क्रेता के अनुबंध के अनुसार इस ढंग से पैक किए जाएंगे जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि उत्पाद बिना किसी नुकसान के गंतव्य स्थान पर पहुंच जाए।

अनुसूची

नियंत्रण का स्तर

[नियम 4 (2क) देखिए]

क्रम सं.	अपेक्षाएं	निर्देश	परख के लिए नमूनों की संख्या	लॉट आकार
1.	सामग्री	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	एस. क्यू. सी. के आधार पर पर्याप्त नंबर	प्रत्येक परेषण
2.	कारीगरी तथा फिनिश	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	प्रत्येक	प्रत्येक बैच उत्पादन
3.	विमाओं सहित सहायता	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	प्रत्येक	प्रत्येक बैच उत्पादन

1 2	3	4	5
4. भार	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	प्रत्येक	प्रत्येक बैच उत्पादन
5. रंग	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	प्रत्येक	प्रत्येक बैच उत्पादन
6. परीक्षण	प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश	अभिलिखित जांच के आधार पर पर्याप्त संख्या	प्रत्येक बैच उत्पादन
7. पैकिंग * रूप सज्जा **ड्रॉप परख ***जल छिड़काव (यह परख नालीदार तंतु बोर्ड पैकिंग प्रयोग के लिए वर्जित किया जाएगा।) **** रोलिंग परख	क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट के अनुसार या राष्ट्रीय मानक के अनुसार	अभिलिखित जांच के आधार पर पर्याप्त संख्या	प्रत्येक परेषण

* रूप सज्जा—पैकेजों की फिनिश अच्छी होगी तथा पैकेज देखने में सुन्दर होंगे।

** ड्रॉप परख—ड्रॉप परख (37 कि. ग्राम तक के मुख्य भार तक निर्बन्धित) 150 सें. मी. की ऊंचाई से गिराया जाने वाला पैकेज एक बार बड़ी समतल सतह पर, एक बार लंबे किनारे पर और एक बार उसके किसी भी कोने पर गिराया जाएगा।

*** जल फुहार परीक्षण—पैकेज को एक मिनट के लिए सामान्य आकस्मिक मानसून बौछार के समतुल्य जल फुहार में रखा जाएगा।

**** रोलिंग परीक्षण—(केवल 500 कि. ग्राम की भार तक निर्बन्धित) पैकेजों को किसी भी ओर से 6 मीटर आगे की तरफ तथा 6 मीटर पीछे की तरफ या 12 मीटर एक ही दिशा में पैक किया जाएगा।

[मिसिल सं. 6/(11)/84-ई आई एण्ड ईपी]

एन.एस. हरीहरन, निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 21st September, 1985

S.O. 4392.—Whereas in exercise of the powers conferred by Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India that sports goods should be subject to quality control and inspection prior to export ;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 ;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

Notice is hereby given that any person desiring to forward any objection or suggestion with respect to the said proposals may forward the same within forty five days of the date of publication of this Order in the Official Gazette to Export Inspection Council of India (Ministry of Commerce, Government of India), 11th floor, Pragati Tover, 26, Rajendra Place, New Delhi-110008.

PROPOSALS

(1) to notify that sports goods shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) to specify the type of quality control and inspection in accordance with the draft Export of the Sports Goods (Quality Control and Inspection) Rules, 1984 as set out in Annexure-I to this Order as the type of quality control and inspection which shall be applied to such sports goods prior to their export ;

(3) to recognise—

(a) relevant Indian Standard or any other national and international standards,

(b) standards of other bodies recognised by Export Inspection Council ;

(c) the contractual specifications subject to the product specifying the minimum of the specification set out in Annexure-II to this Order.

(4) to prohibit the export in the course of international trade of such sports goods unless the same are accompanied by a certificate of inspection issued by any of the agencies by the Central Government or established under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that the sports goods conform to the standard specifications and are exportworthy.

2. Nothing in this Order shall apply to the export by land, sea or air of bonafide samples of sports goods to the prospective buyers provided the F.O.B. value of the samples does not exceed rupees five hundred.

3. In this Order, sports goods shall mean any of the article given below :—

1. Balls

(a) Football
(b) Volleyball
(c) Basket Ball
(d) Net Ball

2. Cricket and Hockey Balls

3. Cricket Bats

4. Hockey sticks

5. Rackets
(a) Badminton
(b) Tennis
(c) Squash

6. Protective Devices
(a) Batting Gloves
(b) Leg Guards for Wicket Keeper and Batsman
(c) Abdomen Guards

ANNEXURE—I

Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Exports of Sports Goods (Quality Control and Inspection) Rules, 1985.

(2) They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette.

2. Definitions—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) ;

(b) "Agency" means any of the Export Inspection Agencies established under section 7 of the Act at Bombay, Calcutta, Cochin, Delhi and Madras ;

(c) "Appendix" means the appendix to these rules ;

(d) "Council" means the Export Inspection Council established under section 3 of the Act ;

(e) "Schedule" means the schedule appended to these rules ;

(f) "sports goods" shall mean any of the articles given below :—

1. Balls
(a) Football
(b) Volleyball
(c) Basket Ball
(d) Net Ball

2. Cricket and Hockey Balls

3. Cricket Bats

4. Hockey Sticks

5. Rackets
(a) Badminton
(b) Tennis
(c) Squash

6. Protective Devices
(a) Batting Gloves
(b) Leg guards for Wicket Keeper and Batsman
(c) Abdomen Guards.

3. Basis of Inspection—Inspection of the sports goods shall be carried out with a view to ensuring that the quality of the sports goods conform to the specification recognised by the Central Government under section 6 of the Act, namely :—

(a) relevant Indian Standard or any other national and international standards.

(b) standards of other bodies recognised by the Export Inspection Council.

(c) the contractual specifications subject to the product meeting with the minimum of the specifications set out in Annexure-II.

4. Procedure of Inspection—(1) Inspection of the sports goods shall be carried out with a view to seeing that the sports goods conform to the specifications recognised by the Central Government under section 6 of the Act.

either

(a) by ensuring that during the process of manufacture the Inprocess Quality Control drills as specified in Appendix under sub-rule 2(b) of rule 4 have been exercise.

OR

(b) on the basis of inspection carried out in accordance with sub-rule 2(b) or rule 4.

OR

(c) by both.

(2) Any one or both of the following schemes shall be adopted namely :—

(a) In-process Quality Control (IPQC)

(i) any manufacturing unit having adequate IPQC as per Appendix shall apply to the nearest office of the Agency.

(ii) the agency shall then arrange a visit to the manufacturing unit and assess as to whether an effective IPQC system is existing therein, or

(b) Consignmentwise Inspection :

Any manufacturing unit not satisfying the requirements specified in clause (a) shall offer to any agency established or recognised under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 their export consignment for Inspection which shall be done to ensure that the product manufactured by it conforms to the specifications recognised by Central Government under section 6 of the Act.

(3) Any exporter intending to export a consignment of the sports goods shall give an intimation in writing of his intention so to do and submit alongwith such intimation a declaration of the specification giving details of all technical characteristics as stipulated in the export contract relating to such export to any of the Agencies to enable it to carry out inspection in accordance with clause (a) or clause (b) or both the clauses of sub-rule (2) of rule 4.

(4) For export of the sports goods, manufactured by units approved under clause (a) of sub-rule (2) the exporter shall also furnish alongwith such intimation a declaration that the sports goods intended for export have been manufactured by exercising adequate quality control as laid down in Appendix and that the consignment conforms to the requirements of the specifications recognised under section 6 of the Act for this purpose.

(5) Every intimation and declaration under sub-rule (2) and (4) shall reach the office of the Agency not less than three days prior to the despatch of the consignment from the manufacturer's premises.

(6) The exporter shall furnish to the Agency the identification marks applied on the consignment to be exported.

(7) On receipt of the intimation and declaration, the Agency—

(a) in the case of an exporter exporting products manufactured by units approved under clause (a) of sub-

rule (2) of rule 4 on satisfying itself that during the process of manufacture the unit has exercised adequate quality control as provided under the Appendix and followed the instructions, if any, issued by the Council in this regard, shall within three days issue a certificate declaring the consignment as export worthy. However, the Agency shall ensure through periodic inspection and spot-checks that adequate controls are exercise at the manufacturing premises and products conform to the recognised specification ; and

(b) in case of exporter exporting products manufactured by units falling under clause (b) of sub-rule (2) of rule 4 shall carry out inspection of the sports goods with a view to ensuring that the product conforms to the specifications recognised for the purpose.

(c) After completion of inspection, the Agency shall immediately seal packages in the consignment in a manner so as to ensure that the sealed packages cannot be tampered with.

(d) In case of rejection of a consignment, if the exporter so desires, the consignment may not be sealed by the Agency.

(e) In such cases, however, the exporter shall not be entitled to prefer any appeal against the rejection.

(f) If the Agency is satisfied that the consignment of the sports goods complies with the requirement under these rules it shall within three days of completion of inspection issue a certificate to the exporter declaring that the consignment is exportworthy :

Provided that where the Agency is not so satisfied it shall refuse to issue a certificate to the exporter declaring the consignment of sports goods as exportworthy and communicate such refusal within seven days to the exporter alongwith the reason therefor.

5. Place of Inspection—Every inspection under these rules shall be carried out either (a) at the premises of the manufacturer of such products, or (b) at the premises at which the goods are offered by the exporter provided adequate facilities for inspection and testing exists therein.

6. Inspection fee—Inspection fee shall be paid by the exporter to the Agency as under :—

(i) (a) For exports under inprocess quality control at the rate of 0.2% of the F.O.B. value subject to minimum of Rs. 20 per consignment.

(b) For exports under consignmentwise inspection at the rate of 0.4% of the F.O.B. value subject to a minimum of Rs. 20 per consignment.

(ii) Subject to a minimum of Rs. 20 per consignment the rate shall be 0.18% and 0.36% for (a) and (b) respectively for manufacturer-exporters who are registered as Small Scale Manufacturing Units with the concerned Governments of State/Union Territories.

(iii) For exports of items manufactured by the units having adequate inprocess quality control levels and exported by merchant exporters at the rate of 0.3% of F.O.B. value subject to a minimum of Rs. 20 per consignment.

7. Appeal—

(i) Any person aggrieved by the refusal of the Agency to issue a certificate under clause (f) of sub-rule (7) of rule 4 may within ten days of the receipt of the communication of such refusal, prefer an appeal to a panel of Experts consisting of not less than three but not more than seven persons appointed for the purpose by the Central Government.

(ii) The Panel shall consist of atleast two thirds of non-officials of the total membership of the Panel of Experts.

(iii) The quorum for the Panel of Experts shall be three.

(iv) The appeal shall be disposed of within fifteen days of its receipt.

APPENDIX

[See rule 4 (4)]

Every manufacturer of sports goods shall ensure quality control of the sports goods by effecting the following controls at different stages of manufacture, preservation and packing of the products as laid down below together with the levels of control as set down in the Schedule appended hereto.

1. Bought out materials and components control :

(a) Purchase specification shall be laid down by the manufacturer incorporating the properties of materials or components to be used and the detailed dimensions thereof with tolerances.

(b) The accepted consignments shall be either accompanied by a producer's test certificates corroborating the requirements of the purchase specifications or in the absence of such test certificate, samples from each consignment shall be regularly tested to check up its conformity to the purchase specifications. The producer's test certificate shall be counterchecked at least once in five consignments to verify the correctness.

(c) The incoming consignment shall be inspected and tested for ensuring conformity to purchase specifications against statistical sampling plans.

(d) After inspection and tests are carried out, systematic methods shall be adopted for proper segregation and disposal of defective goods.

(e) Adequate records in respect of the above mentioned controls shall be systematically maintained.

2. Process Control :

(a) Detailed process specifications shall be laid down by the manufacturers for various processes of manufacture.

(b) Equipment and instrumentation facilities shall be adequate to control the process as laid down in process specification.

(3) Product Control :

(a) The manufacturer shall either have his own testing facilities or shall have access to such testing facilities existing elsewhere to test the product as per the Sandard Specification.

(b) Sampling (whenever required) for testing shall be based on recorded investigations.

(c) Adequate records in respect of test carried out shall be regularly and systematically maintained by the manufacturer.

4. Meteorological Control—Gauges and instruments used in the production and inspection shall be periodically checked or calibrated and records shall be maintained in the form of history cards.

5. Preservation Control :

(a) A detailed specification shall be laid down by the manufacturer to safeguard the product from adverse effects of weather condition.

(b) The product shall be well preserved both during storage and during transit.

6. Packing Control—Specifications shall be laid down for packing the product(s) and as well as for Export packages and the same shall be strictly adhered to.

ANNEXURE-II

1. SPECIFICATION FOR FOOTBALLS

